दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 08 अगस्त 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 307

# पूर्व विदेश मंत्री और बीजेपी की दिग्गज नेता सुषमा स्वराज का निधन

**नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी की दिग्गज नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का आज देर रात निधन हो गया। वह 67 वर्ष की थीं। उनके परिवार में पति स्वराज कौशल और एक पुत्री बांसुरी स्वराज हैं। सुषमा स्वराज के निधन के बाद देशभर में शौक की लहर है।**

सूत्रों ने बताया कि श्रीमती स्वराज को रात करीब दस बजे हृदयाघात के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर ले कर बचाने का प्रयास किया लेकिन उनके शरीर ने साथ नहीं दिया। उनके गुर्दों का प्रत्यारोपण करीब तीन वर्ष पहले किया गया था। हालांकि वह उससे उबर गयी थीं।

इसबीच केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन समेत अनेक मंत्री और राजनेता एम्स पहुंच गये हैं। उन्होंने अपने अंतिम ट्वीट में कश्मीर पर सरकार के कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी थी। उन्होंने कहा था कि वह इस दिन का पूरे जीवनभर इंतजार कर रही थीं।

सुषमा ने पिछला लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। सुषमा स्वराज का जन्म हरियाणा के अम्बाला कैंट में 14 फरवरी, 1953 को हुआ था। उनके पिता आरएसएस के प्रमुख सदस्य थे। अम्बाला छावनी के एस.एस.डी. कॉलेज से बी.ए. करने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ से कानून में डिग्री ली। 1973 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपनी प्रैक्टिस शुरू की जबकि उनका राजनीतिक करियर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के साथ शुरू हुआ था। वे अपने छात्र जीवन से ही प्रखर वक्ता हैं।

### » देशभर में शोक की लहर



## जब तक मेरी सांस चलेगी, मैं उनसे जुड़ी रहूंगी

### » सुषमा को यादकर रो पड़ीं सांसद रमा देवी



पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की 67 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. भाजपा की वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज को गंभीर हालत में रात 9 बजकर 35 मिनट पर एम्स में भर्ती कराया गया था. जहां उनकी हालत काफी नाजुक बनी हुई थी. उनके निधन की खबर सुन बीजेपी की बिहार के श्योहर से सांसद रमा देवी भावुक हो गईं और उनके आंसू छलक गए. इस दौरान उन्होंने कहा कि जब तक मेरी सांस चलेगी वे मेरी यादों में हमेशा रहेंगी. उन्होंने इस संसार को छोड़ दिया है लेकिन अब वे एक बेहतर दुनिया में होंगी.

सुषमा स्वराज की तबीयत काफी लंबे समय से खराब बनी हुई थी. सुषमा स्वराज ने करीब तीन घंटे पहले ही आर्टिकल 370 हटने के बाद ट्वीट किया था. मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में सुषमा मंत्री पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया था. सुषमा स्वराज ने स्वास्थ्य कारणों से पिछला लोकसभा चुनाव लड़ने से मना कर दिया था.

## प्रतिक्रियाएं

### दिल्ली सरकार ने दो दिवसीय राजकीय शोक घोषित किया



दिल्ली सरकार ने शहर की पहली महिला मुख्यमंत्री सुषमा स्वराज के निधन पर बुधवार को दो दिन का राजकीय शोक घोषित किया। इसकी घोषणा करते हुए, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, सुषमा दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री थीं। दिल्ली दो दिनों के लिए राजकीय शोक मनाकर उनके प्रति सम्मान प्रकट करेगी। केजरीवाल ने यह भी कहा कि भारत ने एक महान नेता खो दिया है और सुषमा गर्मजोशी से भरपूर और असाधारण महिला थीं। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी कहा कि सरकार उनकी याद व सम्मान में दो दिवसीय राजकीय शोक मनाएगी।

### राहुल ने सुषमा स्वराज के निधन पर दुख जताया




कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूर्व विदेश मंत्री और बिजेपी की दिग्गज नेता सुषमा स्वराज के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि सुषमा एक ऐसी अदभुत नेता थीं जिनके सभी पार्टियों के लोगों से मित्रवत रिश्ते थे। गांधी ने ट्वीट कर कहा, सुषमा स्वराज जी के निधन के बारे में सुनकर स्तब्ध हूँ। वह एक अद्भुत नेता थीं जिनकी पार्टी लाइन से इतर मित्रता थी। उन्होंने कहा, दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

### देश ने एक सम्मानित और समर्पित नेता खोया: मनमोहन



सुषमा स्वराज के निधन पर दुख जताते हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बुधवार को कहा कि देश ने एक सम्मानित और समर्पित नेता खो दिया है। सिंह ने एक बयान में कहा, सुषमा स्वराज जी के आकस्मिक निधन के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। उनके लोकसभा नेता प्रतिपक्ष रहते हुए उनके साथ मेरी सुखद यादें हैं। उन्होंने कहा, वह एक उच्च कोटि की नेता थीं जिनका पार्टी लाइन से इतर सभी सम्मान करते थे। वह एक महान सांसद और बहुत की कुशल मंत्री रहीं। उनके निधन से देश ने एक सम्मानित और समर्पित नेता खो दिया है।

### बुधवार को एक रुपये की फीस लेने को बुलाया था- साल्वे



भाजपा की दिग्गज नेता और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के निधन से पूरा देश स्तब्ध है। उन्हें उनकी सौम्य मुद्रा के साथ-साथ विलक्षण वाकपटुता, हैरतअंगेज हाजिरजवाबी के लिए जाना जाता रहा। उनके निधन के बाद अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में कुलभूषण जाधव का केस लड़ने वाले वकील हरीश साल्वे ने इस बात का खुलासा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं बहुत स्तब्ध हूं। उन्होंने सुषमा के निधन पर दुख जताया। साल्वे ने कहा, मेरी मंगलवार को ही शाम 8:45 बजे सुषमा से बात हुई थी। इस दौरान सुषमा ने उनसे कहा कि वो कल (बुधवार) एक रुपये की फीस ले लें। कुलभूषण का केस साल्वे ने सिर्फ 1 रुपए में लड़ा था।

### सुषमा के सम्मान में फडणवीस ने रद्द की जनादेश यात्रा



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के प्रति सम्मान के तौर पर आज के लिए अपने सभी महा जनादेश यात्रा कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है। यात्रा के संयोजक सुजीत सिंह ठाकुर ने बुधवार को कहा, मुख्यमंत्री फडणवीस ने अपनी महा जनादेश यात्रा को बुधवार के लिए रद्द कर दिया है। इससे पहले फडणवीस ने घोषणा की थी कि वह राज्य के दक्षिण-पश्चिम भागों में स्थित पुणे, सतारा, सांगली और कोल्हापुर में बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए एक दिन के लिए मुंबई लौटेंगे।

## अनुच्छेद 370 के प्रावधान रद्द करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को जम्मू एवं कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया को चुनौती देते हुए एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। अधिवक्ता एम. एल. शर्मा द्वारा दायर की गई पीआईएल के अनुसार, अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए से संबंधित अधिसूचना संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है और सरकार ने इस मामले में मनमाने और असंवैधानिक ढंग से काम किया है। याचिका में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति का आदेश असंवैधानिक है और केंद्र को संसदीय तरीके से यह काम करना चाहिए था। इससे पहले सोमवार को पूर्व आईएएस शाह फैसल की पार्टी से जुड़ीं शेहला राशिद ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का ऐलान किया। शेहला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार को गवर्नर से और संविधान सभा को विधानसभा से बदलकर यह कदम उठाया गया है, जो संविधान के साथ धोखा है। उन्होंने इसे लेकर दूसरी पार्टियों से एकजुटता की अपील भी की।

### अनुच्छेद 370 पर मोदी सरकार के समर्थन में कांग्रेस विधायक अदिति



**लखनऊ (आरएनएस)।** जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर जहां कांग्रेस ने इसका विरोध किया है, वहीं उप्र के रायबरेली सदर से कांग्रेस विधायक अदिति सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। अदिति ने कहा है कि मैं अनुच्छेद 370 पर मोदी सरकार के फैसले का पूर्ण समर्थन करती हूं। इससे जम्मू एवं कश्मीर के लोगों को मुख्यधारा में शामिल होने में मदद मिलेगी। विधायक ने कहा है कि मैं एक विधायक के रूप में इस फैसले का स्वागत करती हूं। भारतीय नारी होने के नाते यह मेरी व्यक्तिगत राय है। यह मोदी सरकार का ऐतिहासिक फैसला है।

## राजनीति का शानदार अध्याय समाप्त हो गया:मोदी

### » पीएम ने सुषमा स्वराज के निधन को 'व्यक्तिगत हानि' बताया



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के असामयिक निधन पर उनके निवास स्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज भारतीय राजनीति का एक शानदार अध्याय समाप्त हो गया है। भारत एक ओजस्वी नेता के दुःखद निधन पर शोक व्यक्त करता है, जिसने अपना जीवन सार्वजनिक सेवा और गरीबों का जीवन बेहतर बनाने के लिए समर्पित कर दिया। सुषमा स्वराज अपने किस्म की एक नेता रही हैं और करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत रही हैं।

सुषमा स्वराज एक प्रबुद्ध वक्ता और उत्कृष्ट सांसद थीं। उन्होंने हमेशा प्रशंसा और सम्मान अर्जित किया। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और हितों के मामलों के बारे में उन्होंने कभी कोई समझौता नहीं किया। उन्होंने बीजेपी पार्टी की प्रगति में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे एक अच्छी प्रशासक रही हैं और उन्होंने जिस भी मंत्रालय को संभाला उसमें उच्च मानक स्थापित किए हैं। विभिन्न देशों के साथ भारत के संबंधों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक मंत्री के रूप में हमने कई बार उनकी सहृदयता को देखा है। उन्होंने दुनिया के किसी भी हिस्से में संकट में फंसे भारतीयों की मदद करने में कभी कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं पिछले पांच वर्षों में एक विदेश मंत्री के रूप में सुषमा द्वारा किए गए अथक परिश्रम के तौर-तरीकों को कभी नहीं भूल सकता। जब उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था, तब भी अपने काम के प्रति न्याय करने के लिए उन्होंने हर संभव कोशिश की और हमेशा अपने मंत्रालय के मामलों को अद्यतन रखा।

उनकी भावनाएं और प्रतिबद्धता बेमिसाल रही। सुषमा का निधन उनकी व्यक्तिगत हानि है। उन्हें भारत के लिए किए गए हर काम के लिए हमेशा याद किया जाएगा। मैं संकट की इस घड़ी में उनके परिवार, समर्थकों और प्रशंसकों के साथ संवेदना व्यक्त करता हूं। ओम शांति !

पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का मंगलवार रात नई दिल्ली में निधन हो गया था।

## हिमाचल में बारिश का कहर : कुल्लू में बादल फटा, घरों में घुसा पानी



» मनाली में बहा पुल

**कुल्लू (आरएनएस)।** हिमाचल के कुल्लू जिले में भारी बारिश से व्यापक नुकसान हुआ है। यहां के पतलीकूहल में बड़ाग्रा नाले में बादल फटने से तबाही मच गई। यहां भारी बारिश के चलते बाढ़ से पतलीकूहल ट्राउट फार्म को भी नुकसान पहुंचा है। इतना ही नहीं बारिश से लोगों के घरों में पानी घुस गया।

ज्ञात हो कि नाले में बादल फटने से जब रात को बाढ़ आई तो लोग अपने घरों में सो रहे थे। अचानक पानी घरों में घुसता देख लोगों मे अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार घाटी की हलाण-2 पंचायत के बड़ाग्रां में बादल फटने से नाले में बाढ़ आ गई।

इससे सबसे ज्यादा नुकसान पतलीकूहल बाजार को हुआ है। बादल फटने के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने हूटर बजाकर लोगों को जगाया। तड़के चार बजे पतलीकूहल बाजार को खाली करवाया गया। मनाली घाटी में रातभर से हो रही भारी बारिश के चलते ब्यास नदी उफान पर है। जलस्तर बढ़ने से ब्यास नदी पर बना सोलंग गांव का पैदल पुल बह गया। इसके चलते जिले का सोलंग गांव से संपर्क टूट गया है। आजादी के 70 वर्षों बाद भी इस गांव में स्थाई पुल नहीं बन पाया है।

वहीं, उपमंडल मनाली के तहत मढ़ी के नजदीक भूस्खलन से मार्ग बंद हो गया है। मार्ग को खोलने के लिए बीआरओ व पुलिस थाना मनाली को सूचना दे दी गई है। मार्ग खोलने का काम चल रहा है।

## आज डॉक्टर जाएंगे 24 घंटे की हड़ताल पर

### » आईएमए का ऐलान

**नईदिल्ली।** एनएमसी विधेयक के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने एक बार फिर राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने जा रहा है। ये हड़ताल 8 अगस्त को की जा रही है। एसोसिएशन 8 अगस्त को सुबह 6 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक कोई भी सेवा प्रदान नहीं करेगा। आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शांतनु सेन ने बताया कि एनएमसी बिल 2019 को मेडिकल क्षेत्र में स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण रोगियों को बुरी तरह प्रभावित करेगा। दरअसल डॉक्टरों की मांग हैं कि भारत सरकार आधुनिक चिकित्सा बिरादरी को अहम बातचीत में शामिल करे और इस मुद्दे का तुरंत हल करे। साथ ही विधेयक से जुड़ी मुख्य चिंताओं को संशोधित करे।

उन्होंने कहा कि एनएमसी बिल 2019 के अनुसार सीएचडब्ल्यू का इस तरह इलाज करने देना किसी भी सूरत में स्वीकार के लायक नहीं है।

## तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं की हत्या, स्थिति तनावपूर्ण

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों में तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं की हत्या के बाद राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल और विपक्षी दलों कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो चुका है। मुर्शिदाबाद जिले के गोकर्ना में सोमवार की रात गोली लगने से घायल तृणमूल के नेता जहांगीर शेख ने मंगलवार की सुबह मुर्शिदाबाद जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस कांडी पंचायत समिति के सदस्य श्री शेख जब गोसाइडोर स्थित अपने घर लौट रहे थे तो गोकर्ना में उन्हें दो गोलियां मारी गयीं। इसके बाद उन्हें मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार की रात में उनका ऑपरेशन किया गया लेकिन आज सुबह उनकी मौत हो गयी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शेख को सशस्त्र बदमाशों ने करीब से गोली मारी जो अंधेरे में घात लगाकर छिपे हुए थे। तृणमूल के स्थानीय नेता अपूर्व सरकार ने श्री शेख की हत्या के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। इस बीच, कांग्रेस नेता जयंत दास ने इस आरोप से साफ इन्कार करते हुए कहा कि श्री शेख की हत्या के लिए तृणमूल की आपसी गुटबाजी जिम्मेदार है। पड़ोस के माल्दा जिले में तृणमूल के प्रखंड स्तरीय नेता प्रदीप राय की कुछ अज्ञात बदमाशों ने सोमवार रात उस समय गला दबाकर हत्या कर दी जब वह अपने ससुराल जा रहे थे। श्री राय गजोले इलाके के विवेकानंद पल्ली में प्रखंड स्तरीय नेता थे।